## सार-समाचार

### विद्यार्थियों को विधिक जानकारी दी

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) पाली के निर्देशानुसार सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), सचिव विक्रम सिंह भाटी द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सूरज शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय, इंद्र विहार पाली में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटी ने विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण के आयामों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि न्यायपालिका इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी नागरिक गरीबी या पिछड़ेपन के कारण न्याय से वंचित नहीं रहे। इसी उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पात्र नागरिकों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है, जिसके तहत नागरिकों को सिविल, राजस्व या आपराधिक न्यायालय में पैरवी हेतु नि:शुल्क विधिक सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है। जिससे कि नागरिक अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रख सके। इसके साथ ही सचिव भाटी द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से संरक्षण प्रदान कर महिलाओं को सुरक्षित, गरिमापूर्ण एवं अनुकूल कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए बनाये गये "महिलाओं पर कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013" तथा वरिष्ठ नागरिकों को शीघ्रताशीघ्र न्याय प्रदान करने के लिए माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007, नि:शुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, बाल-विवाह निषेध अधिनियम, नशे के दुष्प्रभाव आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं पीएलवी श संतोष रावल ने पर्यावरण न्याय:हरित राजस्थान की परिकल्पना विशेष अभियान में जल का बचाव के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा बालिका शिक्षा, साइबर अपराध, रैगिंग की जानकारी दी। इस दौरान स्कूल के निदेशक नारायण सिंह, संस्था प्रधान आरिफ खान, समस्त अध्यापकगण सहित कई जने उपस्थित रहें।

### लोग पेयजल को तरसने लगे

**जोधपुर**, (कासं)। सूर्यनगरी जोधपुर के कई इलाकों में जलदाय विभाग के अफसरों की अनदेखी जनता पर भारी पड़ रही है। पेयजल संकट को दूर करने में विभाग के इंजीनियरों की लापरवाही भजनलाल सरकार की जनकल्याण के दावों पर पानी फेर रही है। जोधपुर में पेयजल संकट को लेकर जनता परेशान है और कंटीजेंसी प्लान पर जलदाय विभाग के इंजीनियर मौज कर रहे हैं। विभाग को कंटीजेंसी प्लान में लाखों रुपए मिलने के बाद भी बनाड़, रमजानजी का हत्था, एकता नगर, नांदडी समेत कई इलाकों में पेयजल संकट को दूर नहीं किया गया। इन इलाकों में हजारों लोग पिछले दो साल से पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। लोगों का कहना है कि केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर के इन इलाकों में एक-एक माह के अंतराल पर पेयजल की सप्लाई हो रही है। लोगों को महंगी दरों पर टैंकर मंगाकर पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। बड़ी बात यह है कि इस क्षेत्र में पेयजल सप्लाई को दुरुस्त करने के लिए चीफ इंजीनियर जगदीश व्यास, एक्सईएन मनोज सोनी और एईएन भरत सिंह राजपुरोहित को स्थानीय निवासियों की ओर से कई बार शिकायत भी दी गई। लेकिन, पेयजल आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ। यहां तक कि जनता की शिकायत के बाद जनप्रतिनिधियों की ओर से इन अफसरों को दी गई हिदायत पर भी वे केवल आश्वासन देकर उन्हें भी गुमराह कर रहे है। स्थानीय लोगों में विभाग के इन अधिकारियों के रवैये को लेकर जबरदस्त आक्रोश है।

### 500 पौधे लगाने का संकल्प लिया

**पाली**, (नि.सं.)। महिला जन सहयोग वेलफेयर सोसायटी द्वारा खोडिया बालाजी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोसायटी की जिला उपाध्यक्ष प्रियंका व्यास ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के अभियान "एक पेड़ माँ के नाम" से प्रेरित होकर संगठन द्वारा विद्यालय मे 20 से अधिक छायादार, फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सोसायटी की जिलाध्यक्ष अंकिता बोहरा ने विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर को हरा भरा बनाने हेतु तथा हमेशा इन पौधों को पानी पिलाने तथा देखभाल करने का संकल्प दिलवाया। और पर्यावरण में पेड़ो की उपयोगिता और आने वाले समय में इनकी ! के बारे मे विस्तार से बताया गया व समय समय पर खुद आकर देखभाल करने का भी संकल्प लिया। सचिव आनंद सोलंकी ने बताया की समिति द्वारा विभिन्न स्थानों पर इस वर्ष 500 से अधिक पौधे नए लगाए जाएंगे तथा वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक ब्रजेश बोहरा, पी.डब्ल्यू.डी. के दिलीप परिहार, वरिष्ठ उद्योगपति गोपाल बग, सचिव आनंद सोलंकी, कोषाध्यक्ष चंद्रिका शर्मा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र तिवाड़ी, कविता पुरोहित, राजश्री वैष्णव, जयंता, कपिल व्यास, विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश उपाध्याय, अध्यापक हीरालाल पटेल, अमृतलाल सांखला, रेखा कुमारी सहित कई जने उपस्थित रहे।

### 'आयुष्मान में पंजीकरण 31 तक करवाएं'

**जोधपुर**, (कासं)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का अगस्त माह से लाभ लेने के लिए पंजीयन करवाने के लिए अब अंतिम दो दिन शेष है। इस माह 31 जुलाई तक पंजीकरण नहीं करवाने वाले परिवारों को योजना का लाभ लेने के लिए तीन माह का इंतजार करना पड़ेगा। योजना में जिले के सभी वंचित परिवार स्वयं की एसएसओ आईडी या ई-मित्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं, ताकि एक अगस्त 2024 से योजना का लाभ मिल सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर ग्रामीण डॉ. प्रताप सिंह राठौड़ ने बताया सरकार की उद्देश्य है प्रदेश के प्रत्येक परिवार को इस योजना में पंजीयन करवा कर आगामी दिनों में इलाज के भारी-भरकम खर्च और चिंताओं से मुक्त हो सके। पंजीयन करवाने के बाद उन्हें व परिवारजनों को 25 लाख रूपए तक का निशुल्क इलाज मिल सकेगा। साथ ही 10 लाख रूपए तक का दुर्घटना बीमा भी निशुल्क मिलेगा। योजना डीपीसी डॉ. अलका राजपुरोहित ने बताया कि योजना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना-2011, लघु एवं सीमांत किसान, संविदा कर्मियों तथा कोविड-19 अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवारों के लिए बीमा का प्रीमियम सरकार वहन कर रही है। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों (वार्षिक आय 8 लाख से कम) के लिए बीमा का प्रीमियम भी सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। अलका राजपुरोहित ने बताया कि ऐसे सभी परिवारों का पंजीकरण स्वत: ही हो रहा है। इसके अतिरिक्त अन्य सभी परिवार मात्र 850 रुपए प्रीमियम जमा करवाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

### आपसी विवाद में परिवार पर हमला

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पांच बत्ती सर्किल पोलो ग्राउण्ड के पास में आपसी विवाद के चलते परिवार के कुछ लोगों पर जानलेवा हमला किया गया। लाठी, डंडों और चाकू से किए गए हमले में तीन चार लोग चोटिल हो गए। इस बारे में पीड़ित की तरफ से एयरपोर्ट थाने में नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है एयरपोर्ट थाने में दी रिपोर्ट में बोम्बे मोटर्स हाजी बिल्डिंग के पास सरगरा कॉलोनी निवासी हुकम सिंह ने पुलिस को बताया कि पोलो ठाउण्ड के पास वन एन एयरपोर्ट रेस्टोरेंट सामने रविवार की शाम के समय राहुल नायक, अविनाश उर्फ धन्ना, पन्ना उर्फ रोहन, रवि और उसे साथियों ने उसकी माता इन्द्रा देवी, मामा मनीष कुमार, मामा के लडक़े विकास, मामी विद्या देवी के साथ लाठी सरियों और चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। जिससे यह लोग चोटिल हो गए। हमले का कारण इनके बीच आपसी विवाद होना बताया गया है। एयरपोर्ट थाना पुलिस इसमें जांच कर रही है। इसी तरह मथानिया थाने में दी रिपोर्ट में उम्मेदनगर निवासी जोगाराम पुत्र शिवराम देवासी ने पुलिस को बताया कि रविवार को मुकेश, धन्नाराम, भोमाराम और भैराराम ने मिलकर मारपीट की, जिससे वह जख्मी हो गया।

### भीतरी शहर में पुलिस का रूट मार्च

**जोधपुर**, (कासं)। आगामी दिनों में शहर में पर्व और त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने अभी से सुरक्षा की दृष्टि से नजर रखनी शुरू कर दी है। सोमवार की सुबह भीतरी शहर के कई इलाकों में पुलिस ने रूट मार्च किया। एसीपी केंद्रीय मंगलेश चूंडावत ने बताया कि सुबह सात बजे यह रूट मार्च नई सडक़ से आरंभ किया गया जोकि घंटाघर घुमटी होते हुए कपड़ा बाजार, कंदोई बाजार, सर्राफा बाजार, लाडजी का कुआं चौकी, बालवाड़ी स्कूल रोड से होते हुए जालोरी गेट चल चला। इस दौरान एडीसीपी पूर्व वीरेंद्र सिंह के साथ स्वयं एसीपी केंदीय मंगलेश चूंडावत भी थी। साथ ही पुलिस के काफी जवान इस रूटमार्च में शामिल रहे। यह रूटमार्च आगामी पर्वों एवं त्योहारों के मद्देनजर निकाला गया है साथ ही रूटिन प्रक्रिया में इसे निकाला गया।

# टैंकर से गैस रिसाव, चालक की सुझबूझ ने हादसा टाला

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर मंडार से होकर गुजर रहे दिल्ली कांडला नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह करीब 11.00 बजे रेवदर की ओर जा रहे गैस की टंकी भरे टैंकर में अचानक गैस रिसाव होना शुरू हो गया। जिस पर टैंकर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए टैंकर को टोल टैक्स के आगे आबादी से दूर जाकर एक जगह पर खडा कर दिया एवं इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। जिस पर मंडार थाना अधिकारी रविंद्रपाल सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे एवं स्थिति को देखते हुए रेवदर डिप्टी रूपसिंह इंदा को अवगत करवाया।

मौके पर डिप्टी तथा उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण एवं तहसीलदार मौके पर पहुंचे उन्होंने स्थिति का जायजा लेकर सिरोही, आबूरोड, पिंडवाडा की फायर ब्रिगेड की टीम एवं गेल इंडिया तथा ओएनजीसी के अधिकारियों को मौके पर बुलवाकर पानी का छिड़काव करना शुरू कर दिया। जिससे रिसाव थोड़ा कम हुआ तब जाकर अधिकारियों ने लीकेज वाले स्थान को सही किया एवं तब जाकर प्रशासन एवं ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। टैंकर में अचानक गैस रिसाव होने के कारण अगर टैंकर आबादी क्षेत्र में ही रुक जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आबादी क्षेत्र में गैस रिसाव रोकने में दिक्कत हो सकती थी, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से बडा हादसा टल गया।

गैस लीकेज होने की सूचना मिलने पर प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचा एवं मंडार थाना अधिकारी रविंद्रपाल सिंह भी गैस टैंकर से हो रहे गैस रिसाव वाले स्थान पर पहुंचे एवं सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद गैस रिसाव पर काबू पाया।

टैंकर से गैस रिसाव होने के चलते आवागमन को भी रोका गया, मंडार तीन बत्ती से लेकर गुंदरी चेक पोस्ट तक भारी वाहनों की आवाजाहीं पर रोक लगी रही एवं दूसरी तरफ दीपक ढाबा से लेकर सोनेला तक आवागमन रोका गया।

रेवदर-मंडार से होकर गुजर रहे दिल्ली कांडला नेशनल हाईवे पर गैस की टंकी भरे टैंकर में अचानक हुए गैस रिसाव पर कड़ी मशक्कत क काबू पाया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

# उत्कर्ष : पौधारोपण व सम्मान समारोह आयोजित

उत्कर्ष क्लासेस के सह संस्थापक तरुण गहलोत एवं नर्सिंग अधिकारी देवराज चौहान के जन्मदिन पर मथुरादास माथुर अस्पताल में 501 वृक्षारोपण मुहिम का अगला चरण एवं सम्मान समारोह किया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। उत्कर्ष क्लासेस के सह संस्थापक तरुण गहलोत एवं एमडीएम नर्सिंग अधिकारी देवराज चौहान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मथुरादास माथुर अस्पताल परिसर में 501 वृक्षारोपण मुहिम का अगला चरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

ध्यातव्य है कि इस मुहिम का शुभारंभ नर्सिंग अधिकारी भवानी शंकर नायक एवं देवराज चौहान द्वारा गत 5 जून को किया गया था। मुहिम के इस चरण में वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कर्ष क्लासेस के चेयरमैन एवं पर्यावरण ब्रांड एम्बेसडर (राजस्थान सरकार) डॉ. निर्मल गहलोत तथा जॉन चेयरमैन, लॉयंस क्लब एडवोकेट अशोक पटेल के हाथों किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रूप में तरुण गहलोत, उम्मेद अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ. बी. एस. जोधा, एमडीएम कार्डिक विभाग के हेड डॉ. सुभाष बलारा, लूणी अजा/जजा विकास परिषद् के अध्यक्ष कालुराम भील, समाजसेवी प्रमोद धाणदिया, अशोक चौहान, रोटरी राउंड टाउन के अध्यक्ष मनीष सालेचा, एमडीएम नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती कंचन रावल तथा रतन सिंह राजपुरोहित मौजूद रहे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता एमडीएम अधीक्षक डॉ. नवीन किशोरिया ने की। मथुरादास माथुर अस्पताल परिसर में नर्सिंग अधिकारी भवानी शंकर नायक एवं देवराज चौहान की टीम द्वारा गत माह से वृक्षारोपण कर 501 (बड़े पेड़) पौधे लगाने की मुहिम शुरू की गई थी। इस सम्मान समारोह में मुहिम के सदस्य रविन्द्र गुप्ता, गोपाल व्यास, गणेश आचार्य, अजय जोशी, प्रदीप गौतम, रमेश जाँगिड़, गुलाब खान, रोहित पँवार, आतिश आसोपा, सुनील तालणीया, नाज़नीन शेख, राहुल राजपुरोहित, दिनेश जीनगर, मदन मेघवाल, अंजू, दीपक सोनगरा, घनश्याम बंशीवाल नितिन शर्मा, दिलिप डांगी, नारायण सुन्देश, सुरेश तांडी, ललिता इनकीया, विजय लक्ष्मी, बलदेव मेघवाल, चैनाराम राठौड़ भील, सोनराम भील, मनोज दैया, हमीर कड़ेला तथा लीना चौहान को सम्मानित किया गया।

## स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करें : शक्ति सिंह राठौड़

**सांचोर**, (कासं)। जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत समिति सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई।

- **पंचायत समिति सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न**

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जिले के स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा आमजन के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिला सीएमएचओ डॉ. बी.एल. विश्नोई ने क्षेत्र में मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए विभाग की द्वारा संचालित एंटी लारवा एक्टिविटी, स्टॉप डायरिया प्रोग्राम, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, राजश्री योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, पीएमजेवाई कार्ड, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के बारे में आंकडोंवार जानकारी दी। विभाग के समस्त ब्लाक चिकित्सा अधिकारियों को सुदृढ चिकित्सा व्यवस्था प्रबंधन सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक के दौरान आई-पी.ए.एस कार्यक्रम की को-ऑर्डिनेटर आराधना सिंह ने क्षेत्र में चलाए जा रहे परिवार नियोजन कार्यक्रम की भी जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी, एडिशनल सीएमएचओ डॉ वीरेंद्र हेमथानी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ कमलेश, पीएमओ डॉ मनोज बिश्नोई, बीसीएमओ डॉ ओमप्रकाश सुथार सहित कई जने उपस्थित रहे।

## कार ने बाइक सवारों को चपेट में लिया, एक जने की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के दल्ले खां चक्की पेट्रोल पंप के सामने रविवार की देर रात एक कार चालक ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार कर उछाल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। घटना के बाद परिजन रात देवनगर थाने गए और मगर पुलिस द्वारा कोई तवज्जों नहीं दिए जाने को लेकर रोष जाहिर किया। इधर आज सुबह परिजन मथुरादास माथुर अस्पताल की मोर्चरी पर जमा होकर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के साथ मुजावजा भी मांगा। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि घटना के बाद कार चालक को पुलिस ने रवाना कर दिया था, जिस कारण परिजन आक्रोशित हो गए है। घायल युवक का एमडीएम अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोप है कि कार का चालक नशे में था।

व्यापारियों का मोहल्ला सूरसागर के रहने वाले बिलाल अहमद की तरफ से देवनगर थाने में रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि उसका रिश्तेदार भाई व्यापारियों का मोहल्ला निवासी उज्जैर अहमद पुत्र अब्दुल हमीद और उसका साथी मरूधर नगर पाल लिंक रोड निवासी अमान अंसारी पुत्र असलम अंसारी दोनों रविवार की रात में बाइक पर 12 वीं रोड से होते हुए दल्ले खां चक्की पेट्रोल पंप के सामने से निकल रहे थे। पीछे से आई एक सफेद रंग की कार के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार कर उछाल दिया। जिससे अमान अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई।

इधर दुर्घटना की जानकारी पर देवनगर पुलिस वहां पहुंची और दुर्घटनाकारित करने वाले चालक को वहां से रवाना कर दिया गया, पुलिस ने पीड़ित परिवार को कोई तवज्जों नहीं दी। साथ ही थाने में जाने पर भी लापरवाही सामने आई। घायल उज्जैर अहमद को देर रात एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### मोर्चरी पर प्रदर्शन

इधर अमान अंसारी की मौत को लेकर मृतक के परिजन सहित रिश्तेदारों ने सुबह एमडीएम अस्पताल की मोर्चरी पर प्रदर्शन करते हुए देवनगर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की, साथ ही दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपी कार चालक रिवेश को गिरफ्तार करने की मांग रखी। सूचना पर एसीपी प्रतापनगर अनिल कुमार, शास्त्रीनगर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह देवड़ा आदि वहां पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे मृतक के परिजन से बात की और समझाइश की। परिजन एक करोड़ मुआवजें की मांग के साथ मृतक के एकमात्र भाई को सरकारी नौकरी की मांग रखे हुए है। दोपहर तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका।

## सांसद एवं विधायक मद से स्वीकृत कार्यों को तत्काल पूर्ण करें : चौहान

**बालोतरा** (निसं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने सांसद एवं विधायक मद में स्वीकृत सभी कार्यो को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए विकास अधिकारी कल्याणपुर चंपालाल ने बताया कि पूर्व निर्धारित मासिक कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समस्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की जिसके तहत राज्य सरकार द्वारा दिए गए। निर्देशों की पालना में प्रत्येक ग्राम विकास अधिकारी को सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आवश्यक रूप से ग्राम पंचायत में ठहराव हेतु पाबंद किया। निर्देशों की पालना में 7 अगस्त को आयोजित होने वाले हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत तैयारी की समीक्षा की तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए गए लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत वृक्षारोपण करने के निर्देश प्रदान किये व वृक्षारोपण अधिक से अधिक करने के लिए महिलाएं लहरिया ओढ कर हरियाला राजस्थान कार्यक्रम में भाग लेना सुनिश्चित करें इस हेतु प्रेरित करें प्रोत्साहन के लिए प्रतिस्पर्धा विकसित करें स्वामित्व योजना के तहत जिन ग्राम पंचायत में मैप 2 प्राप्त हो गए हैं उन सभी ग्राम पंचायत में प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण तत्काल प्रारंभ किया जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिन ग्राम पंचायत में पिछली बैठक से अब तक प्रगति रही है उन ग्राम विकास अधिकारियों को विशेष निर्देश प्रदान करके शेष बचे बहुत कम आवास को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों का निर्माण 31 अगस्त से पहले पहले आवश्यक रूप से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए कनिष्ठ तकनीकी सहायकों को नियमित रूप से नरेगा के अधूरे पडे कार्यो को एक सप्ताह के भीतर भीतर ऑनलाइन पूर्ण करने हेतु प्रभावी क्रियान्वित्ती करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.० के तहत स्वीकृत किए गए सभी कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण करके जिला कलेक्टर बालोतरा द्वारा दिए गए। वार्षिक पेंशन सत्यापन में बचे हुए बहुत कम व्यक्तियों का सत्यापन बुधवार तक 100 प्रतिशत करने के निर्देश कडाई से पालन करने हेतु आग्रह किया बैठक से पूर्व पंचायत समिति के प्रधान उम्मेद सिंह अराबा, सरपंच मानाराम पालिवाल ग्राम पंचायत कुंडी, प्रेमी देवी विश्नोई, ग्राम पंचायत पटाउ, सरपंच प्रतिनिधि करनाराम पटेल, ग्राम पंचायत धडोई चारणान एवं अन्य सरपंच गण तथा जनप्रतिनिधियों ने पंचायत समिति कल्याणपुर में किए जा रहे कार्यो तथा परिस्थितियों के बारे में विशेष रूप से अवगत करवाया।

## सार-समाचार

### बुनियादी साक्षरता कार्यक्रम शिविर

**रेवदर**, (निसं)। ब्लॉक स्तरीय त्रिदिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान ( एफ एल एन)आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ आज राजकीय छात्रावास महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय, रेवदर में किया गया। अन्नाराम मोबारसा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रेवदर ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखी हुई नई तकनीकी व ज्ञान को विद्यालय में पढने वाले बच्चों तक अवश्य पहुंचाएं। शिक्षक का पेशा एक पवित्र पैसा है,जिसमें काम के साथ पुण्य भी प्राप्त होता है। छगनलाल रावल आरपी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया संभागियों को एफएलएन प्रशिक्षण के उद्देश्यों को बताते हुए इन 3 दिनों के दौरान यहां की व्यवस्थाओं व सुविधाओं आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में एनईपी2020 व शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 आदि की जानकारी दी गई। शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान केआरपी मांगीलाल डाक, जीवाराम खाण, सुबेसिंह बुटडी, अनोपसिंह निम्बज के द्वारा शिक्षण कार्य मैं नई तकनीकी जानकारी दी गई। घनश्याम सिंह आढा एसीबीओ ने भी शिक्षकों को संबोधित किया। एफएलएन प्रशिक्षण पांच चरणों में आयोजित होगा, जिसमें ब्लॉक के कुल 500 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे 7 प्रत्येक चरण 3 दिन का होगा 7आज प्रशिक्षण में आमंत्रित 100 में से 88 शिक्षक उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। प्रशिक्षण के दौरान एपीएफ के अलीखान व मुकेश शर्मा भी प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दे रहे है। व्यवस्थापक के रूप में अरविंद कुमार वाडका व राजेश गुरु मालपुरा अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### रसद कार्यालय का निरीक्षण

**बाड़मेर**, (निसं)। जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने सोमवार को जिला रसद कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अनुपस्थित मिले कार्मिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने सोमवार प्रात: 10 बजे जिला रसद कार्यालय का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने एवं राशन कार्ड से आधार लिंक करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। जिला कलैक्टर ने निरीक्षण के दौरान जिला रसद अधिकारी समेत अन्य कार्मिकों की कार्यालय में अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि रसद कार्यालय में आने वाले परिवादियों की परिवेदनाओं को प्राथमिकता से निस्तारण करने के साथ उनके लिए बैठने तथा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला कलक्टर ने रसद कार्यालय में सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय कार्मिकों से उनकी ओर से संपादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए रिकार्ड संधारण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### सावन महोत्सव 4 अगस्त को

**पाली**, (नि.सं.)। युवकसंघ अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज पाली का सावन महोत्सव 2024 4 अगस्त 2024 रविवार को एक निजी होटल में आयोजित किया जाएगा। महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती ज्योति प्रमोद त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षो की भांति इस वर्ष भी सावन महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस महोत्सव में समाज की माताएं एवं बहनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक सुनील जोशी एवं गोविंद उपाध्याय ने कहा कि सावन महोत्सव 2024 के अंतर्गत बच्चे महिला एवं पुरुष वर्ग सभी के लिए विभिन्न तरह की प्रतियोगिता नृत्य सहित कई आकर्षक कार्यक्रम तय किए गए हैं। कार्यक्रम को लेकर जिला सभा अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, पारसमल शर्मा, दिनेश जोशी, मुकेश जोशी, प्रमोद त्रिवेदी, मनोहर पंचारिया, राकेश जोशी, अशोक पंचारिया, मुकेश नाबरिया, दीपक तिवारी बुलेट, संजय पंचारिया, अमित शर्मा, नरेंद्र नाबरिया, भवानी शंकर शर्मा सहित कई जने तैयारी में जुटे हुए हैं।

### मंदिरों में गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

**पाली**, (नि.सं.)। सावन मास के दूसरे सोमवार के अवसर पर शहर के शिव मंदिरों में शिव भक्तों ने उपवास रखकर शिवलिंग पर जल, दूध, दही, बेलपत्र, पुष्प चढ़ा कर भगवान शिव से अपनी मनोकामना पूर्ण की। पाली शहर के हृदय स्थल प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में सुबह 5: बजे से शिव भक्तों ने मंदिर में पहुंच ओम नम: शिवाय बम बम भोले के जयकार लगे। यहां पर 101 किलो पुष्प से भगवान की विशेष झांकी सजाई गई। पुजारी शुभम रावल ने बताया कि इस अवसर पर भगवान की चार पहर आरती और दो बार फूलों से श्रृंगार किया गया। शहर के विभिन्न मंदिर लखोटिया महादेव, रत्नेश्वर महादेव, गीता भवन स्थित महादेव, गोपीनाथ जी स्थित 12 ज्योतिर्लिंग तारकेश्वर, भूतेश्वर, पंचमुखी महादेव, अमलेश्वर महादेव नहर पुलिया अटल महादेव, प्रशासन पछाड़ महादेव सहित शहर के कई मंदिरों में शिव भक्तों की दर्शन के लिए भीड़ रही।

### आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से रोष

**बालोतरा** (निसं)। बालोतरा के निकट 23जुलाई को बुढीवाडा बिजलीघर में कर्मचारी के साथ मारपीट लूट व राजकार्य बाधा के आरोपियों को सात वे दिन तक भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। जिसके चलते कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।इसके उपलक्ष में आज सोमवार को सभी कर्मचारी संगठनो ने एक होकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जिस पर कलेक्टर साहब ने तुरंत कार्यवाही की बात कीइससे पहले 25जुलाई को पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन दिया गया था मगर अब तक कोई कार्यवाही नही हुई है और कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया 2दिन में कार्यवाही नहीं हुई तो 1 अगस्त से सभी कर्मचारी अधीक्षण अभियंता जोधपुर डिस्कॉम के आगे अनिश्चितकालीन धरना देंगे जिससे जनता को होने वाली असुविधा के माननीय कलेक्टर ,पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार होंगे, इसके उपलक्ष में सभी संगठनों के कर्मचारी बालोतरा शहर से उमाराम पटेल, पवन कुमार माली, गणपत प्रजापत, मीठालाल, पचपदरा से पवन परिहार, ग्रामीण से कमल मीणा, चंपालाल, फूलसिंह ,पारस प्रजापत व अन्य काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे ।

### सिद्धेश्वर महादेव में रुद्राभिषेक

**पाली**, (नि.सं.)। आज द्वितीय सोमवार को सिद्धेश्वर महादेव पीपली चोक जवाहर नगर में शंकर भगवान का रुद्राभिषेक किया गया। मंत्रोचारण से जवाहर नगर में भक्ति मय माहौल हुआ। रुद्राभिषेक रामावतार जी दायमा,शिव जी दायमा परिवार की ओर से करवाया गया। आचार्य नारायण दवे व कपिल दवे द्वारा करवाया गया। खिमाराम हलवाई, शांतिलाल चोपड़ा,कैलाश पूरी,राजू तिवारी, महेंद्र सिंह एडवोकेट, डूंगर सिंह राजपुरोहित व महिला मंडल ने भजनों की प्रस्तुति दी व महाआरती हुई।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-साईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001 (राज.)
फोन नम्बर: (0291) 2511031/2516199 फैक्स: (0291)2511029, Email-jodhpur.rsmml@rajasthan.gov.in

दिनांक :- 29/07/2024

**संशोधित निविदा सूचना - 01**

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.ए